# उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा दिए जाने वाले दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन के लिए महत्वपूर्ण सूचना

## सत्र 2024–25 में ऑनलाइन नवीनीकरण (RENEWAL) करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए

## अंतिम तिथि –31 दिसम्बर 2024

**इस स्कालरशिप फार्म के नवीनीकरण हेतु वे सभी छात्र/छात्राएँ पात्र होंगे जिन्होंने गतवर्ष (2023–24) में ऑनलाईन आवेदन किया था एवं जिनका आवेदन पत्र संस्था द्वारा समाज कल्याण विभाग को अग्रसारित किया गया था। यद्यपि उन्हे छात्रवृत्ति प्राप्त हुई हो अथवा प्राप्त न हुई हो।**

1. वर्ष 2024–25 में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति हेतू आवेदन का नवीनीकरण ऑनलाइन किया जायेगा जिस **छात्र/छात्राओं को स्वयं भरना है।** आवेदक ऑनलाइन आवेदन फार्म में विश्वविद्यालय पंजीयन कमांक में **(Enrollment No.)** अवश्य फीड करेंगे।
2. जिन आवेदकों का छात्रवृत्ति फार्म किसी भी कारणवश संस्था द्वारा गतवर्ष अग्रसारित (Forward) नहीं किया गया था ऐसे आवेदक (यदि इस वर्ष पात्र हैं), नवीन (Fresh) ऑनलाइन फार्म फीड करेंगे।
3. इन्टरमीडिएट(10+2)के आधार पर प्रवेशित आवेदकों का इन्टरमीडिएट (10+2) में न्यूनतम 60% अंक अनिवार्य है । साथ ही वर्तमान सत्र में 75% उपस्थिति अनिवार्य है।
4. आवेदन फार्म भरने से पूर्व छात्र/छात्राओं द्वारा निम्न तैयारियॉं जरूरी है :

- सर्वप्रथम छात्र/छात्राएँ स्वयं के नाम पर बैंक खाते को अपने आधार कार्ड से लिंक करायें एवं **ऑनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में आधार से लिंक एवं NCPI Mapped बैंक खाते का विवरण ही अकिंत करें।** जनधन खाता मान्य नहीं होगा। आधार नम्बर जो कि छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र पर अंकित बैंक खाते से सीडेड होना अनिवार्य है। अपना बचत बैंक खाता संचालित रखें, उसमें निर्धारित न्यूनतम बैलेन्स बनाये रखें एवं खाते में धनराशि आने की लिमिट छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की प्राप्त होने वाली धनराशि से अधिक हो इसे सुनिश्चित कर लें। यह भी ध्यान रखें कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क की धनराशि आने तक आपका खाता पूर्ण रूप से संचालित रहे।
- **आय प्रमाण पत्र** तहसीलदार द्वारा आवेदक के माता/पिता/अभिभावक के नाम का,गतवर्ष के आवेदन के साथ संलग्न किया हुआ, मान्य होगा यद्यपि वह तीन वर्ष पूर्व का जारी किया गया ही क्यों न हो। **आय का स्रोत** स्पष्ट लिखा होना चाहिए जैसे–कृषि, नौकरी, मजदूरी आदि (आय का स्रोत"**समस्त स्रोतों से या** आय का स्रोत **छात्र है"** मान्य नही होगा)। प्रमाण पत्रउत्तर प्रदेश सरकार के प्रमाण–पत्र सत्यापन वाले वेबसाईटों पर प्रदर्शित/सत्यापन होना अनिवार्य है।
- गतवर्ष के आवेदन के साथ संलग्न, छात्र के नाम तहसीलदार द्वारा निर्गत **जाति प्रमाण पत्र** (OBC, SC तथा ST छात्र/छात्राओं के लिए) तथा **निवास प्रमाण पत्र** सभी के लिए मान्य होगा जो उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमाण–पत्र सत्यापन वाले वेबसाईटों पर प्रदर्शित/सत्यापन होना अनिवार्य है।
- काउन्सलिंग लेटर यदि दाखिला काउन्सलिंग के द्वारा हुआ है।
- गतवर्ष उत्तीर्ण परीक्षा की मार्कशीट, संस्थान में जमा फीस की रसीद व हास्टल फीस की रसीद ।

5. फोटो अपलोड करते समय अपने नवीनतम फोटो के नीचे हस्ताक्षर आवश्यक हैं।
6. इन सभी अभिलेखो/दस्तावेजो को एकत्र कर **http://scholarship.up.gov.in/** वेबसाईट पर स्टूडेन्ट सेक्शनमें RENEWAL LOGIN में Postmatric Other then Inter Student Login में सत्र 2024–25 का रजिस्ट्रेशन संख्या, जन्मतिथि व पासवर्ड आदि विवरण अंकित करेंगे।

7. स्टूडेन्ट सेक्शन में RENEWAL LOGIN में Postmatric Other then Inter Student Login लिंक से लॉगिन करके अपना विस्तृत विवरण ध्यानपूर्वक अपडेट कर सबमिट करें।यदि फार्म भरने में पूर्व में कहीं कोईत्रुटि हुई हो तो इसी स्थान पर सुधार सकते है। शुल्क संबन्धित विवरण में संलग्न सूची के अनुसार ही फीस की राशि फीड करेंगे।

8. सबमिट करने के बाद स्कैन फोटो अपलोड करें।

9. जॉच के लिए आवेदन पत्र को **"जॉच हेतुआवेदन प्रिंट करें"** लिंक से प्रिंट निकाल कर स्वयं ध्यानपूर्वक जॉच लें ।आवेदन की जाँच से पूर्ण संतुष्ट होने के पश्चात **"जांच के उपरान्त आवेदन पत्र सबमिट करें"** के लिंक पर क्लिक करें। इस स्थिति के बाद आवेदक का फार्म स्वतः ही लॉक हो जायेगा तथा फिर किसी भी संशोधन की संभावना नहीं रहेगी।तीन कार्यदिवस के बाद **"संस्था हेतु आवेदन प्रिन्ट करें"** के लिंक पर क्लिक करके फाइनल प्रिन्ट निकाल लें।

10. संस्थान हेतु आवेदन प्रिंट करने के बाद निम्न दस्तावेजों/अभिलेखों को क्रमवार संलग्न कर दो सेट (एक–ओरिजिनल व एक –फोटो कॉपी सेट) तैयार कर ओरिजिनल सेट संस्थान में जमा करें तथा फोटो कॉपी सेट भविष्य के लिए अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें।

- ऑनलाईन आवेदन पत्र स्वयं तथा अभिभावक के द्वारा हस्ताक्षरित।
- स्वयं का विवरण – **SELF DECLARATION FORM**
- आय प्रमाण पत्र,निवास प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र व तीनो प्रमाण पत्रो की सत्यापन कॉपी (सामान्य/अल्पसंख्यक वर्ग के आवेदकों के लिए जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य नहीं है)।
- छात्र व अभिभावक के द्वारा हस्ताक्षरित व Notary कराया हुआ शपथ पत्र की **मूल प्रति** (रू0 10/– के स्टाम्प पेपर पर)।
- बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की सुस्पष्ट व पठनीय।
- काउन्सलिंग लेटर यदि प्रवेश काऊन्सलिंग के आधार पर हुआ है।
- हॉस्टल फीस की रसीद (संस्थान के छात्रावास में निवास करने वाले छात्र, छात्रावास की फीस की रसीद भी लगायें)।
- हाईस्कूल, इन्टरमीडिएट, (PG Course के आवेदकों को डिप्लोमा/डिग्री कोर्स की मार्कशीट) व गतवर्ष की मार्कशीट।
- हाईस्कूल, एवं इन्टरमीडिएट रिजल्ट की सी0बी0एस0सी0 की वेबसाइट से नेट वेरिफिकेशन की कॉपी।
- कॉलेज आई0डी0 कार्ड व पिता, माता एवं स्वयं का आधार कार्ड।
- प्रारूप–छ।
- आनलाइन फार्म के साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त प्रपत्रों की प्रतिलिपियां **(फोटो कॉपी) Self Attested** होने चाहिए।

***आवेदन पत्र दिनांक 10 दिसम्बर 2024 से 02 जनवरी 2025 तक दोपहर 12:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक A-Block Room No-2 में फार्म सबमिट कर सकते हैं। सभी छात्र हार्डकॉपी जमा करने से पहले संलग्न दस्तावेजों एवं फार्म को भली भांती स्वयं जांच लें। दस्तावेजों में कमी पाये जाने पर फार्म आगे अग्रसारित नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह की त्रुटि के लिए छात्र स्वंय उत्तरदायी होंगे।***

**विशेष जानकारी एवं दिशा निर्देश हेतु विभागीय वेबसाईट http://scholarship.up.gov.in/ तथा *https://www.kiet.edu/Scholarship-Circulars* से जानकारी प्राप्त करते रहें।**